दैनिक भास्कर

## सवाई माधोपुर 09-03-2021

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस** • पीजी कॉलेज में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# नारी को सशक्त बनाना है तो इसकी शुरुआत अपने ही घर से करनी होगी

1 महिला सशक्तिकरण व नारी उत्थान विषय पर किया जागरूक

2 तिलकर की सराहनीय पहल, पितृ विहीन पांच बेटियों की एक साल की शिक्षा का खर्च उठाने का लिया जिम्मा

3 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाएं हुई सम्मानित

4 गर्ल्स कॉलेज में जारूकता शिविर का आयोजन

नसं | सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पीजी महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्वव महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शाहिद जैद ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा शर्मा रही। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ. हरिचरण मीना ने महिलाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने नारी सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि नारी को सशक्त बनाना है तो उसकी शुरुआत अपने ही घर से करनी होगी। इसके लिए एक बाप, एक भाई और एक पति को जिम्मेदारी लेनी होगी। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने भी महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए समाज मे बदलाव की जरूरत महसूस की और कहा कि आज महिला किसी से कम नहीं है। हर मैदान में अपना परचम लहरा रही है। अध्यक्षीय संबोधन में स्थानीय प्राचार्य प्रो. बी.एस. मीना ने स्वयंसेवकों को महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। इसलिए बच्चियों को ज्यादा से ज्यादा और अच्छी शिक्षा प्रदान करना हमारे समाज की जिम्मेदारी है।

### तिलकर ने ली खर्च वहन करने की जिम्मेदारी

**भगवतगढ़** | कस्बा निवासी एवं सिनौली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक बाबूलाल तिलकर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सराहनीय कार्य किए जाते रहे हैं। उन्होंने पितृ विहीन परिवार की पांच बेटियों को पढ़ाने के लिए वर्ष 2021-22 का शिक्षण खर्च वहन करने की जिम्मेदारी ली है। तिलकर ने बताया कि स्व. चंद्र प्रकाश मेहरा रेलवे कॉलोनी के परिवार में पांच बेटियां एवं पत्नी है तथा परिवार की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण बेटियों की पढ़ाई एवं घर खर्च में परेशानी आ रही है। तिलकर द्वारा प्रतिवर्ष आर्थिक रूप से कमजोर दो बेटियों को गोद लेकर उनकी शिक्षण का खर्च उठाने की जिम्मेदारी भी ली जाती रही है।

### पीजी कॉलेज में महिला दिवस पर संबोधन




सवाई माधोपुर। पीजी कॉलेज में कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता तथा मंचस्थ अन्य अतिथि।

### गर्ल्स कॉलेज में विधिक जारूकता शिविर

**सवाई माधोपुर** | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या महाविद्यालय सवाई माधोपुर में पैनल अधिवक्ता अभय कुमार गुप्ता एवं राजेन्द्र यादव द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्त अभय कुमार गुप्ता ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं।

### प्रभातफेरी व वॉकथान कार्यक्रम आयोजित

**सवाई माधोपुर** | युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वर्षों की विरासत के तहत आदर्श नगर में प्रभातफेरी तथा वॉकथोन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नीरज मीणा, मेघराज, आर.सी. मीणा सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

### विश्व महिला दिवस पर मोहल्ला बैठक आयोजित

**सवाईमाधोपुर** | विश्व महिला दिवस पर गिल्ड ऑफ सर्विस संस्था द्वारा आईएचएस कॉलोनी में मोहल्ला बैठक का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं के उनके अधिकार की विस्तार से जानकारी दी गई। गिल्ड ऑफ सर्विस की काउंसलर विद्या यादव ने बताया कि महिला दिवस पर मोहल्ला बैठक का आयोजन कर महिलाओं को उनके अधिकारो की जानकारी दी गई।

\

# एन एस एस बाटिका उद्घाटन एवं पौधा रोपण

# 13.08.2021

शुरु किया पौधरोपण अभियान 14/08/21 @patrika.com

# कर्मचारियों ने पौधे लगाकर ली संरक्षण की शपथ



सवाईमाधोपुर.मलारना स्टेशन स्थित भैरव महाराज मंदिर में पौधारोपण करते लोग।



मलारनाडूंगर में पौधरोपण करते पंचायत समिति अभियंता।

**पौधरोपण**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** जिले में चल रहे पौधरोपण अभियान के तहत गुरुवार को मलारना स्टेशन स्थित भैरव महाराज मंदिर में समिति के लोगों ने पौधारोपण किया। मंदिर के पुजारी मुकेश ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने 21 पौधे लगाए एवं संरक्षण की शपथ ली। साथ ही आगामी दिनों में 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान धर्मराज, राजू गुर्जर, सुरेश, रजत भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश

**मलारनाडूंगर.** पंचायत समिति मलारना डूंगर के सहायक अभियंता दीपचंद नागर ने अपने जन्म दिन पर पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश किया। नागर ने पंचायत समिति कार्मिकों के साथ पंचायत समिति कार्यालय के लिए आवंटित भूमि व राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर में एक एक कर 11 छायादार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि सभी को पौधे लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग मिलेगा। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी रघुनाथ खटीक व तहसीलदार किशन मुरारी मीना सहित अन्य कार्मिक भी भी मौजूद रहे।

## एक पौधा पुरानी पेंशन के नाम

**चौथ का बरवाड़ा.** कस्बे स्थित राउमावि के खेल मैदान परिसर में एक पौधा पुरानी पेंशन के नाम लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर न्यू पेंशन स्कीम एंप्लाइज फेडरेशन ऑफ के प्रदेश सचिव विनोद बारवाल ने बताया कि गुरुवार को गुलमोहर, शीशम लगाकर प्रकृति से सरकार को सद्‌बुद्धि प्रदान करने की कामना की ताकि सरकार अपने कर्मचारियों की सुध-बुध ले और कर्मचारियों के बुढ़ापे के सहारे के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल कर नवीन पैंशन स्कीम को बंद कर करे। इस अवसर पर मुकेश मीणा, मौलेश मीणा, हरकेश मीणा, पृथ्वीराज मीणा, स्वाति शर्मा, मनीषा मीणा, हेमलता मीणा, रामकरण मीणा व शंकर लाल राठौर आदि मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर

सवाई माधोपुर 17-12-2021

राजकीय पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर-एडीएम-एसडीएम -प्राचार्यों सहित अन्य लोगों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# स्वर्णिम विजय दिवस पर अमर शहीदों को किया नमन, रक्तदान शिविर में 72 यूनिट रक्त एकत्र, 101 से अधिक ने भरे संकल्प-पत्र

नगर संवाददाता | सवाईमाधोपुर

भारत-पाक 1971 युद्ध में भारत की विजय के 50 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में स्वर्णिम विजय दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। साथ ही शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह की 44वीं जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कलेक्टर राजेन्द्र किशन ने शहीद कैप्टन रिपुदमन राजकीय पीजी कॉलेज में प्रातः 11 बजे पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने शहीद भगत सिंह और शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन भी किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार 16 दिसम्बर को शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह का जन्म दिवस भी है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक लादूराम का कलेक्टर ने माला पहना कर अभिनन्दन किया।



सवाई माधोपुर। रक्तदान शिविर में रक्तदान करते कलेक्टर व अन्य लोग।




स्वर्णिम दिवस पर संबोधित करते प्राचार्य व कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम व अन्य

इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए शहादत देने वालों के हम सदा ऋणी रहेंगे।हम सब इस एकता और अखण्डता को मजबूत करने की दिशा में कार्य करें, ये ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी, एसडीएम सवाई माधोपुर कपिल शर्मा, शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा, कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने भी देश के अमर शहीदों को नमन किया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य ने जिले के स्वतंत्रता सैनानियों के संबंध में संकलित जानकारी कलेक्टर को भेंट की।

शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रहित: इस अवसर पर पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया।इस शिविर में कलेक्टर ने भी पहुंचकर रक्तदान किया तथा उपस्थित रक्तदाताओं की प्रशंषा की। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान का ही दूसरा रूप है। यह पुण्य का भी कार्य है। इस शिविर में जिला अस्पताल की टीम ने 72 यूनिट रक्त संग्रहित किया। साथ ही 101 लोगों ने रक्तदान के लिए संकल्प-पत्र भरे। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टॉफ, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



